NBT नवभारत टाइम्स By THE TIMES OF INDIA

ऐप

गूगल न्यूज़ में हमारे साथ जुड़ें NBT को सिलेक्ट कर



# Anil Agarwal: 'तुमने वो बात समझ ली...', बेटी की पोस्ट पढ़ भावुक हुए वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल

वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने अपनी बेटी प्रिया अग्रवाल की एक पोस्ट पर गर्व जताया है। उन्होंने बेटी की पोस्ट को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए खुशी जताई। जानें क्या लिखा है दोनों की पोस्ट में।

Curated By: राजेश भारती

Updated: 8 Jul 2026, 3:41 pm IST | नवभारतटाइम्स.कॉम

Advertisement

NBT को सिलेक्ट कर

NBT | Play store rating 4.4 ★

पैसा टिक नहीं रहा? बार-बार नुकसान जानें वजह

NBT नवभारत टाइम्स | Astro



अनिल अग्रवाल की भावुक पोस्ट।

अपनी पोस्ट में अनिल अग्रवाल ने बेटी के लिए लिखा है, 'सोशल मीडिया पर तुम्हारी पोस्ट देखकर मुझे बहुत खुशी हुई। सबसे बड़ी विरासत धन-संपत्ति नहीं होती, बल्कि सोच और संस्कार होते हैं। तुमने वह बात समझ ली है जिसे समझने में कई लोगों की पूरी जिंदगी लग जाती है कि सुख-सुविधाओं (Privilege) का मिलना कोई कामयाबी नहीं है, बल्कि एक जिम्मेदारी है।'

Advertisement

NBT | Play store rating 4.4 ★

पैसा टिक नहीं रहा? बार-बार नुकसान जानें वजह

NBT नवभारत टाइम्स By THE TIMES OF INDIA | Astro

उन्होंने आगे लिखा है, 'मुझे सबसे अधिक खुशी इस बात की है कि तुम कैसी इंसान बन रही हो। एक ऐसी लीडर जिसमें विनम्रता, दूसरों के प्रति सम्मान और समाज को कुछ लौटाने की सच्ची भावना है। इसी तरह आगे बढ़ती रहो। मुझे तुम पर बहुत गर्व है।'

NBT | Play store rating 4.4 ★

पैसा टिक नहीं रहा? बार-बार नुकसान जानें वजह

NBT नवभारत टाइम्स By THE TIMES OF INDIA Astro

NBT | Play store rating 4.4 ★

पैसा टिक नहीं रहा? बार-बार नुकसान जानें वजह

NBT नवभारत टाइम्स By THE TIMES OF INDIA Astro

## प्रिया ने अपनी पोस्ट में क्या लिखा था?

इससे पहले प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने अपनी पोस्ट में जिंदगी की सुख-सुविधाओं और अपने पापा अनिल अग्रवाल से मिली प्रेरणा को लेकर दिल की बात लिखी थी। प्रिया ने अपनी पोस्ट में इन बातों का जिक्र किया:

- मैं जानती हूं कि मुझे बचपन से जो सुविधाएं और बड़े मौके मिले, वे बहुत से लोगों को कभी नहीं मिल पाते। यह सब मैंने खुद नहीं कमाया, बल्कि मुझे किस्मत से विरासत में मिला है।
- मैं हर रोज एक कोशिश जरूर कर सकती हूं कि इन सुविधाओं का इस्तेमाल दूसरों की भलाई और समाज में बदलाव लाने के लिए करूं।
- मेरे पापा मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा तोहफा हैं। वे कभी नहीं रुकते और हमेशा कुछ न कुछ बड़ा करते रहते हैं।
- पापा को देखकर प्रेरणा तो मिलती है, लेकिन कभी-कभी एक अनजाना सा दबाव भी महसूस होता है। शायद इसीलिए मेरे पति आकर्ष हेब्बर हमेशा शिकायत करते हैं कि मुझे अपनी जीतों का जश्न मनाना ही नहीं आता।

## लोगों की दी बड़ी सीख

प्रिया ने अपनी पोस्ट के आखिर में लोगों को एक बड़ी सीख भी दी है। उन्होंने पोस्ट के अंत में लिखा है, 'आखिर में यह मायने नहीं रखता कि हमने शुरुआत कहां से की थी। मायने यह रखता है कि हमें जो मौके मिले, हमने उनका क्या फायदा उठाया। अगर हमें दूसरों से ज्यादा मिला है, तो हमारी जिम्मेदारी भी ज्यादा है। असली सफलता वह नहीं है जो हमें विरासत में मिली, बल्कि वह है जो हम दुनिया के लिए पीछे छोड़कर जाएंगे।'

**YOU MAY LIKE** SPONSORED LINKS BY TABOOLA

NBT | Play store rating 4.4 ★

**पैसा टिक नहीं रहा? बार-बार नुकसान जानें वजह**

NBT नवभारत टाइम्स Astro

Runwal Enterprises
Learn More

## क्या करती हैं प्रिया अग्रवाल?

प्रिया अग्रवाल वेदांता लिमिटेड कंपनी में डायरेक्टर हैं। साथ ही यह पर्यावरण और जानवरों की सुरक्षा से भी जुड़ी हैं। साथ ही वह जानवरों की देखभाल करने वाली संस्थाएं YODA और TACO की फाउंडर भी हैं। उनके योगदान के लिए प्रिया को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) 2024 यंग ग्लोबल लीडर्स क्लास में शामिल होने के लिए कॉर्पोरेट जगत से चार भारतीयों में से एक नामित किया गया था।


लेखक के बारे में
**राजेश भारती**
राजेश भारती, नवभारत टाइम्स (डिजिटल) में असिस्टेंट न्यूज एडिटर हैं। वह जुलाई 2024 में टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप के नवभारत टाइम्स, डिजिटल विंग से जुड़े। राजेश भारती NBT डिजिटल में बिजनेस डेस्क पर कार्यरत हैं। वह कमोडिटी मार्केट, शेयर मार्केट, पर्सनल फाइनेंस, क्रिप्टोकरेंसी पर मजबूत पकड़ रखते हैं। 16 साल से अधिक के पत्रक ... और पढ़ें

### लेटेस्ट कमेंट

कमेंट पोस्ट करें

**YOU MAY LIKE** SPONSORED LINKS BY TABOOLA

**Embassy One 2, 3 BHK Homes from ₹ 1.95 Cr***
Pay just 10% now* & No EMI for 24 months on spacious 2, 3 BHKs.
Embassy Group
Learn More

NBT | Play store rating 4.4 ★

**Greener Landmark by Runwal Ente… urmarg ₹1.89Cr**

पैसा टिक नहीं रहा? बार-बार नुकसान जानें वजह
NBT नवभारत टाइम्स | Astro